प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.03.2026 **15.00 बजे**

राज्यपाल शपथ

कविंद्र गुप्ता हिमाचल प्रदेश के नए राज्यपाल बन गए हैं। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्मि गुरमीत सिंह संधावालिया ने उन्हें आज लोकभवन शिमला में आयोजित सादे मगर गरिमामय समारोह में कविंद्र गुप्ता को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, मंत्रिमंडल के सदस्य और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कविंद्र गुप्ता हिमाचल प्रदेश के 30वें राज्यपाल बने हैं। शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि वह हिमाचल प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए सभी वर्गों को साथ लेकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रगति के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं और वह इसी भावना के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। कविंद्र गुप्ता ने कहा कि राज्यपाल का पद उनके लिए सम्मान के साथ–साथ एक बड़ी जिम्मेदारी और चुनौती भी है, जिसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। कविंद्र गुप्ता ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में बड़ी ज़िम्मेवारी सौंपने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया।

एंटी चिट्टा अभियान

राज्य सरकार के 'चिट्टा–मुक्त हिमाचल' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेश पुलिस द्वारा निरंतर, प्रभावी व कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी के दूसरे चरण में कल प्रदेशभर में 24 घंटे का विशेष 'इंटर–स्टेट' व 'इंटर–डिस्ट्रिक्ट' नाका अभियान संचालित किया गया। पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस, एस.टी.एफ. व बटालियन की संयुक्त कार्रवाई में प्रदेश भर में कुल एक सौ 76 चिन्हित स्थानों पर विशेष नाकाबंदी की गई। यह विशेष अभियान खुफिया सूचनाओं और अंतर–जिला समन्वय के आधार पर अत्यंत व्यवस्थित रूप से क्रियान्वित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश में नशा तस्करों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करना और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना है।

जगत नेगी

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार बागवानी के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। सोलन में आज उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिवा परियोजना के तहत लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान बंद होने के बाद भी प्रदेश में बागवानी संबंधी योजनाएं चलाई जा रही हैं। बागवानी मंत्री ने कहा कि पुष्प क्रांति में भी सोलन सहित प्रदेश के बागवान बेहतरीन कार्य कर रहे हैं।

इन्दू गोस्वामी

केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा है कि प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना के तहत वाटरशैड विकास के लिए वर्ष 2025–26 के दौरान एक हजार 3 सौ 58 करोड़ 40 लाख़ रूपये स्वीकृत किये गए, जिसमें से एक हजार एक सौ 46 करोड़ 66 लाख रूपये खर्च किये गए हैं। राज्यसभा में सांसद इंदु बाला गोस्वामी के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से हर खेत को पानी योजना के तहत 8 सौ 93 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गए हैं जिसमें से 7 सौ 43 करोड़ 58 लाख रूपये खर्च किए गए। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि इन योजनाओं से 2 करोड़ 81 हजार किसानों को लाभ मिला है।

प्राकृतिक गैस

पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए प्राकृतिक गैस के उत्पादन को विनियमित करने, आपूर्ति बनाए रखने, समान वितरण और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 लागू किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार घरेलू पाइपलाइन प्राकृतिक गैस आपूर्ति, परिवहन के लिए सीएनजी, एलपीजी उत्पादन, पाइपलाइन कंप्रेसर ईंधन और अन्य आवश्यक पाइपलाइन परिचालन आवश्यकता वाले क्षेत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में प्राथमिकता दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि आपूर्ति को पिछले छह महीनों की औसत गैस खपत के 100 प्रतिशत परिचालन उपलब्धता के अधीन बनाए रखा जाएगा।

....